पद : मेक इन इंडिया के अंतर्गत प्रबंधन प्रशिक्षु [एमआईआई]। **पद कोड** : MT-03

रिक्त पदों की संख्या : 3

समेकित वेतन : योग्यता और अनुभव के आधार **पर रुपए** 30,000/- **से रुपए** 50,000/- **के मध्य।**

कार्य विवरण : बाइरैक में बायोटेक क्षेत्र हेतु मेक इन इंडिया (एमआईआई) सुविधा सेल की स्थापना एमआईआई और स्टार्टअप इंडिया के राष्ट्रीय मिशन कार्यक्रमों की सुविधा हेतु की गई है। एमआईआई के तहत युवा पेशेवर निम्नलिखित विवरण के अनुसार एमआईआई की विभिन्न गतिविधियों में सहायता करेंगे।

पद परियोजना के साथ सह-टर्मिनस होंगे और अनुबंध का नवीनीकरण परियोजना के विस्तार या संतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर सेवा जारी रखने की आवश्यकता पर निर्भर करेगा ।

मुख्य कार्यभार :	**अनिवार्य योग्यता :**
• मेक इन इंडिया और स्टार्टअप इंडिया की विभिन्न गतिविधियों के लिए मेक इन इंडिया टीम की सहायता करना। • रणनीति संबंधी बैठकों और हितधारकों के साथ संवाद आयोजन में सहायता करना। • ग्लोबल बायोइंडिया के संगठन में समन्वय एवं सहयोग। • राज्य कॉन्क्लेव, वेबिनार, आउटरीच आदि गतिविधियों हेतु समन्वय और सहयोग। • बाइरैक की वेबसाइट पर MII माइक्रोसाइट का अद्यतनीकरण, विभिन्न डैशबोर्ड के लिए इनपुट का मिलान। • सौंपे गए कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए टीम के साथ काम करना।	प्रबंधन/जनसंचार/फार्मा/जैव प्रौद्योगिकी/अनुप्रयुक्त विज्ञान/जीवन विज्ञान में स्नातक/परास्नातक। **वांछनीय योग्यता :** एमएस ऑफिस में विशेषज्ञता, अंग्रेजी में प्रदर्शित लेखन और मौखिक संचार कौशल, जनसंपर्क/कार्यक्रम संयोजन/डेटा प्रबंधन/रिपोर्ट विश्लेषण में अनुभव प्रासंगिक कार्य में एक वर्ष का अनुभव **आयु सीमा**: आवेदन की अंतिम तिथि तक 28 वर्ष।